[ 12/2/2024]

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्र. 987 के प्रश्न भाग "ग" का परिशिष्ट "अ"
प्रश्न सं. [क्र. 987]
प्रश्नकर्ता का नाम – श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा –
सदन में उत्तर देने का दिनांक – 12/02/2024 पेज 01 से 03 तक

# कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन) जिला-सतना (म०प्र०)

क्रमांक/ /लो0से0प्र0/2023

सतना, दिनांक/ / /2023

प्रति,

अपर कलेक्टर
(शिकायत शाखा) कलेक्ट्रेट
जिला सतना (म०प्र०)

विषयः- शिकायतकर्ता शैलजा पाण्डेय पुत्री श्री संजय पाण्डेय नि० ग्राम पो० बरहना तहसील रघुराजनगर जिला सतना द्वारा प्रस्तुत शिकायत-ओ०एस०टी० केन्द्र धवारी में डाटा आपरेटर भर्ती में धांधली के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु।

संदर्भः- अपर कलेक्टर जिला सतना का पत्र क्र०/350/शिका०/2023 सतना दिनांक 28.03.2023

--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र में लेख है कि शैलजा पाण्डेय पुत्री श्री संजय पाण्डेय नि0 ग्राम पो0 बरहना तहसील रघुराजनगर जिला सतना द्वारा ओ0एस0टी0 केन्द्र धवारी में डाटा आपरेटर भर्ती में धांधली के संबंध मे शिकायत प्रस्तुत की गई है। जिसमें की गई जांच कार्यवाही का प्रतिवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत है:-

शिकायतकर्ता शैलजा पाण्डेय पुत्री श्री संजय पाण्डेय निवासी ग्रा0पो0 बरहना तह0 रघुराजनगर जिला सतना द्वारा प्रस्तुत शिकायत OST केन्द्र धवारी में डाटा आपरेटर भर्ती में धांधली के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु आज दिनांक 05.04.2023 को श्रीमती आरती यादव डिप्टी कलेक्टर, श्री ऋतुराज मिश्रा जिला प्रबंधक लोकसेवा सतना के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना श्री एल0के0 तिवारी तथा उनके लिपिक श्री एल0एल0 शुक्ला सहायक ग्रेड-2 मोबा0-9406727242, श्री शोभित सिंह एम0पी0डब्ल्यू मोबा0 नं0-8305743536 उपस्थित हुए।

आवेदिका के द्वारा निम्नानुसार आपत्ति दर्ज करायी गई है:-

<u>बिन्दु क्रमांक-1</u> आवेदिका का कहना है, कि प्रार्थिया मेरिट आधार पर प्रथम स्थान पर थी उसके बाद भी उसका चयन नहीं हुआ।

<u>जांच समिति स्पष्टीकरण</u>:-उपरोक्त पद के भर्ती नियमावली अनुसार 01 पद के विरूद्ध कुल 250 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें साक्षात्कार एवं चयन समिति द्वारा 01 पद के विरूद्ध कुल 30 आवेदकों को मेरिट के आधार पर साक्षात्कार हेतु आहूत किया गया। इसी मेरिट में आवेदिका का प्रथम स्थान तथा चयनित अभ्यार्थी का 20 वॉ स्थान है।

कार्यपालन यंत्री
कार्यालय स्वास्थ्य सेवायें
म.प्र., भोपाल

— 01 —

आपत्ति के अनुसार चयनित मेरिट सूची मार्कशीट के नम्बर के आधार पर अंतरिम सूची थी इसके आधार पर साक्षात्कार हेतु आवेदकों को बुलाया गया था। यह अंतरिम सूची थी जिसे आवेदिका ने अंतिम मान लिया अतः शिकायतकर्ता की आपत्ति प्रथम दृष्टया निराधार है।

बिन्दु क्रमांक-2 शिकायतकर्ता का कथन है कि निर्धारित दिनांक 24 मार्च 2023 एवं लगभग 3:00 बजे प्रार्थिया के प्रथम होने की घोषणा कर दी गई थी किन्तु समय लगभग 4:00 बजे सूची का प्रकाशन किया गया तो जिसमें प्रथम स्थान पर कशिश सेन पुत्री बालमुकुन्द सेन का नाम दिया गया। उसका नाम नहीं था।

जांच समिति स्पष्टीकरण:- शिकायतकर्ता का कथन है कि निर्धारित दिनांक 24 मार्च 2023 एवं लगभग 3:00 बजे प्रार्थिया प्रार्थिया के मेरिट में प्रथम होने की घोषणा कर दी गई थी किन्तु समय लगभग 4:00 बजे सूची का प्रकाशन किया गया तो जिसमें प्रथम स्थान पर कशिश सेन पुत्री बालमुकुन्द सेन का नाम दिया गया। जांच में पाया गया कि साक्षात्कार दिनांक 24 मार्च 2023 को प्रातः 11:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक चलता रहा है, तथा साक्षात्कार के पश्चात् अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 25 मार्च 2023 को प्रकाशित की गई। अतः आवेदिका की उक्त आपत्ति भी निराधार है। अर्थात दिनांक 24 मार्च 2023 को कोई परिणाम की घोषणा नहीं की गई ।

बिन्दु क्रमांक-3 शिकायतकर्ता का कथन है कि चयनित कशिश सेन के पिता श्री बालमुकुन्द सेन जो कि OST केन्द्र धवारी यानि साक्षात्कार के स्थान पर बाबू के पद पर पदस्थ है, जिनके द्वारा साक्षात्कार को प्रभावित किया गया।

जांच समिति स्पष्टीकरण:- कशिश सेन के पिता श्री बालमुकुन्द सेन जो कि OST केन्द्र धवारी यानि साक्षात्कार के स्थान पर बाबू के पद पर पदस्थ है, के बारे में यह तथ्य पाया गया कि श्री बालमुकुन्द सेन सहायक ग्रेड-3 वर्तमान में मलेरिया आफिस सतना में पदस्थ है तथा अटैच होकर मझगवॉ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ है। अतः जांच में यह पाया गया कि वह प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से साक्षात्कार प्रक्रिया में संलिप्त नहीं थे।

अतः उपरोक्त जांच समिति द्वारा मेरी अध्यक्षता में समस्त जांच कार्यवाही पूर्ण की गई । तथा मेरे द्वारा भर्ती के समस्त नियम एवं शर्तो का अध्ययन किया गया जिसकी प्रति संलग्न है, उक्त नियमावली के अनुसार उक्त भर्ती में 01 पद के विरूद्ध कुल 250 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें साक्षात्कार एवं चयन समिति द्वारा 01 पद के विरूद्ध कुल 30 आवेदकों को मार्कशीट मेरिट के आधार पर साक्षात्कार हेतु आहूत किया गया।

जिसमें आपत्तिकर्ता का नाम प्रथम स्थान पर मार्कशीट मेरिट के आधार पर तथा चयनित अभ्यार्थी कशिश सेन का सूची में 20वें स्थान पर है। तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित चयनित अभ्यार्थी कशिश सेन का चयन प्रथम स्थान पर होना उचित पाया गया अतः जांच समिति द्वारा

उपरोक्त आपत्ति निराधार होने से उक्त जांच समिति यह निर्णय लेती है कि आपत्तिकर्ता की आपत्तियां परीक्षण उपरांत पूर्णतय: निराधार है तथा कशिश सेन का चयन शासन के नियम निर्देशानुसार होना पाया गया। अत: प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

श्री एल०एल० शुक्ला
सहा० ग्रेड-2

श्री शोभित सिंह
MPW

श्री ऋतुराज मिश्रा
जिला प्रबंधक (लोकसेवा)

श्री एल०के० तिवारी
CMHO

श्रीमती आरती यादव
डिप्टी कले०/अध्यक्ष
जांच समिति,

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
म.प्र. भोपाल